C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:01 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:16 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 294 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 22 मई 2024

200 घोड़ों के साथ शूट ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चाकू समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए वनभूलपुरा थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन स्तर पर चैकिंग और गश्त की जा रही है। इसी क्रम में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनि बाजार क्षेत्र से एक युवक को चाकू के साथ धर दबोचा। आरोपी ने अपना नाम इरशाद अली पुत्र नवी अहमद निवासी जाट वाली गली इन्द्रानगर ठोकर वनभूलपुरा बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** दुकान खाली करने और सामान को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तस्लीम पुत्र अयूब खान निवासी गौजाजाली उत्तर चौधरी कॉलोनी के अनुसार उसकी सी-16, गंगा इन्क्लेव नियर डीएसडी बैडमिन्टन कोड हल्द्वानी में मंजू तिवारी पत्नी केशव दत्त तिवारी की किरायेदारी में इलेक्ट्रानिक सामान की बिक्री एवं रिपेयरिंग की दुकान है। बीती 12 सितंबर 2023 को लगभग रात्रि 8 बजे केशव दत्त तिवारी अपने साथ 3 लड़को को लेकर आया और दुकान खाली कराने की धमकी दी। अगले दिन केशव तिवारी, उसकी पत्नी मंजू तिवारी व उसकी काम वाली ने दुकान में आ धमके और सारा सामान बाहर फेंक दिया। उसके साथ हाथापाई भी। उसने इसकी शिकायत भोटियापड़ाव चौकी के साथ ही एसएसपी को भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 17 अक्टूबर 2023 को उसकी दुकान वहां से हटा दी गई और लाखों रूपए का सामान भी गायब कर दिया। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चार दिन में धाम पहुंचे 1.26 लाख श्रद्धालु, यात्रा ने पकड़ी रफ्तार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

केदारनाथ यात्रा में प्रतिवर्ष नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। साथ ही कारोबार के लिहाज से भी यात्रा ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर रही है। इस वर्ष 10 मई से शुरू हो रही यात्रा के दस दिनों में ही रिकॉर्ड 2.81 लाख श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। इनमें से 1.26 लाख श्रद्धालु बीते चार दिनों में ही धाम पहुंचे हैं। पंच केदार में प्रमुख व भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम में बीते नौ वर्ष से पुनर्निर्माण कार्य चल रहे हैं। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धाम



पहुंचे और पुनर्निर्माण कार्य को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल करते हुए इसे तीन चरण में पूरा करने के लिए पांच बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। पहले चरण के कार्य धाम में पूरे हो चुके हैं, जिसमें मंदिर परिसर व मंदिर मार्ग के विस्तारीकरण के साथ ही आदिगुरु शंकराचार्य की समाधिस्थल का पुनर्निर्माण किया गया। जबकि दूसरे चरण के कार्य अभी चल रहे हैं। पुनर्निर्माण कार्यों की पीएम मोदी स्वयं कई बार मॉनीटरिंग कर चुके हैं। साथ ही वर्ष 2017 से 2022 तक वह 6 बार केदारनाथ भी पहुंच चुके हैं। पुनर्निर्माण कार्यों के बीच बाबा केदार की यात्रा प्रतिवर्ष रफ्तार भी पकड़ रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 में केदारनाथ में दर्शनार्थियों का आंकड़ा 4.71 लाख था। वहीं, 2018 में 9 लाख से अधिक और 2019 में 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे थे। वर्ष 2020 व 2021 में कोरोनाकाल के बीच आखिरी महीनों में यात्रा ने नई उपलब्धियां हासिल कीं। जबकि 2022 में 15.63 लाख और 2023 में केदारनाथ में रिकॉर्ड 19 लाख से अधिक शिव भक्तों ने दर्शन किए। इस साल यात्रा रोजाना नए कीर्तिमान बना रही है। केदारनाथ धाम प्रतिवर्ष नए रूप में नजर आ रहा है। द्रप्रयाग के कालिका प्रसाद सेमवाल बताते हैं कि बीते 40 वर्ष से प्रतिवर्ष केदारनाथ के दर्शन करते आ रहे हैं। धाम में सुविधाएं विकसित होने के साथ ही यात्रा को भी रफ्तार मिल रही है। केदारनाथ नगर पंचायत के अध्यक्ष वेद प्रकाश सेमवाल और व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष महेश बगवाड़ी का कहना है कि केदारनाथ यात्रा प्रतिवर्ष नए आयाम स्थापित कर रही है। साथ ही कारोबार की दृष्टि से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

**बोले- सपा की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़**

# जौनपुर में विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम योगी

**जौनपुर**
एजेंसी

सीएम योगी ने जौनपुर में भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो राम को लाए हैं, जनता उनको लाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश का विकास चाहते हैं। सबका साथ सबका विकास का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने देश की तरक्की में अपना संपूर्ण योगदान दिया है। सपा- कांग्रेस का गठबंधन देश के लिए अहितकारी और विनाशकारी है। यह चुनाव रामभक्त और राम द्रोहियों के बीच है। पाकिस्तान प्रेमी पाकिस्तान चले जाएं। इंडी गंठबंधन सत्ता में आई तो हिन्दुओं का हक छीन कर मुसलमानों को दे दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बुधवार को मुंगराबादशाहपुर के सार्वजनिक इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का उत्साह देखकर ही बता सकता हूं कि 4 जून को क्या परिणाम आएगा। पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। 400 पार के नारे से सपा- कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल डरे सहमे हुए हैं। देश की जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही स्वर है-%फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी पार-400 पार। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी की स्थिति बहुत बुरी हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में इनके प्रत्याशी ने नामांकन ही गलत भर दिया। कोई लड़ने के लिए नहीं मिला। जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता के कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है।

# महिला छत में लगा लोहे के पाइप में गले में फंदा बांध झूलती मिली,मौत

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**घटना**
- थाना ट्रांजिट कैंप के विवेकनगर का मामला
- पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक महिला घर में ही गले में चुन्नी का फंदा बांध कर लोहे के पाइप में झूलती मिली। परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक मध्य रात्रि थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड नंबर 9 विवेक नगर में एक महिला छत में लगे लोहे के पाइप में लटकी है। इस पर एसआई विकास रावत मय महिला कांस्टेबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि वहां के लोगों से जानकारी ली तो बताया कि तीन दिन पहले सोनेलाल निवासी कुतुबपुर सीज



थाना मनिहारी जिला कटिहार बिहार अपने चार बच्चों और पत्नी शारदा कुमारी के साथ हरियाणा से यहां आया था। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि कल रात्रि लगभग 11 बजे जब वह कंपनी से ड्यूटी कर वापस आया।

पूरा परिवार सो गया था। सुबह 4 बजे जब वह सोकर उठा तो उसकी पत्नी कमरे में नहीं थी। पत्नी को ढूंढता हुआ बगल में खाली कमरे में गया तो वह गले में दुपट्टे बांध कर छत पर लगे लोहे के पाइप से लटकी मिली। पत्नी को नीचे उतारा और सरकारी अस्पताल ले कर पहुंचा। वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक गले में फंदा लगाने की वजह से मृत्यु की पुष्टि होने की संभावना जताई। कोतवाल ने बताया कि मौत के सही कारण जानने को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# ट्रक और सूमो की आमने-सामने की टक्कर, 10 लोग हुए घायल

**श्रीनगर गढ़वाल**
हमारे संवाददाता

कोतवाली कीर्तिनगर के पास हुए हादसे दस लोग बाल-बाल बच गए। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

कोतवाली कीर्तिनगर क्षेत्रांतर्गत स्थित बागवान के पास सड़क हादसे में 10 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घायलों में अजय (47 वर्ष) पुत्र लेखूं मल ग्राम जूना ओल्ड बालेज अहमदाबाद, सोनिया (17 वर्ष) पुत्री अजय निवासी उपरोक्त, काजल (22 वर्ष) पत्नी अजय निवासी उपरोक्त, मोहित (22 वर्ष) पुत्र अजय निवासी उपरोक्त, प्रिया (21) पत्नी अरुण निवासी



दिल्ली, यूबी (03) पुत्री अरुण निवासी दिल्ली, अरुण ( 37) पुत्र नामालूम,( प्रिया का पति ) निवासी दिल्ली, एकांत राठौर ( 25) पुत्र रामपाल राठौर निवासी गाजियाबाद, जितेंद्र (24 )पुत्र हंसी लाल निवासी मथुरा उम्र 24 वर्ष रोहित (23) पुत्र कालीचरन निवासी ना मालूम, सेमुअल (25) मसीह पुत्र सुरजीत मसीह निवासी गुमानी वाला ऋषिकेश ( चालक टाटा सूमो) हैं।

### कुमाऊं मंडल में 15 साल पुराने अतिक्रमण की रिपोर्ट मांगी

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल में सरकारी संपत्ति पर किये गये अतिक्रमण को चिह्नित कर 15 दिन के भीतर आख्या उपलब्ध कराने को कहा गया है। इस संबंध में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मंडल के सभी जिलाधिकारी व विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 15 वर्ष से पुराने अतिक्रमण को चिह्नित कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। कुमाऊं कमिश्नर ने अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए जिलेवार पूर्व में गठित जिला स्तर कमेटी को सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने समस्त विभागध्यक्ष को निर्देश दिए कि उनके अधीन सरकारी संपति पर जो भी अतिक्रमण है उसे चिन्हित करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाए। यह विभागध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि सरकारी संपत्ति पर किसी के द्वारा अतिक्रमण न किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार रहेंगे।

# झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को राहत नहीं

**नई दिल्ली**
एजेंसी

हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर राहत नहीं मिली। अदालत ने सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कड़ी फटकार लगाई। दरअसल, सोरेन ने हाल ही में कोर्ट में याचिका दायर कर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खुद के लिए जमानत मांगी थी।

शीर्ष अदालत ने सोरेन की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही सच को दबाने के लिए





फटकार लगाई। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता ने इस तथ्य का खुलासा नहीं किया है कि ट्रायल कोर्ट ने मामले में आरोपपत्र का संज्ञान लिया है। वहीं, फटकार के बाद हेमंत सोरेन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका वापस ले ली।

इससे एक दिन पहले 21 मई को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी सोरेन की अंतरिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई के दौरान सवाल किया था कि अगर ट्रायल कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेकर जमानत को खारिज कर दिया है तो क्या गिरफ्तारी की वैधता का परीक्षण हो सकता है? कोर्ट ने हेमंत सोरेन के वकील से पूछा था कि नियमित जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है।

# अवैध होटल व रिजार्ट संचालकों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में बीते दिनों चिह्नित किये गए अवैध होटल व रिजार्ट संचालकों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अगुवाई में चलाए गए अभियान में टीम ने बिना पंजीकरण संचालित हो रहे दो होटल सील किये वहीं बिना सत्यापन कर्मचारी रखने पर एक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भी एक दुकान में एक्सपायर हो चुके पापड़ के सेंपल लिए।

बता दें कि उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में राजस्व, नगर पालिका तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से मल्लीताल बाजार क्षेत्र के होटलों में छापेमारी की। बाजार स्थित होटल सनटेज का पर्यटन विभाग में पंजीकरण नहीं मिला साथ ही होटल के पास निजी पार्किंग भी नहीं मिली मगर स्वामी ने जानकारी दी कि पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर उसने आवेदन किया है। वुडन स्टे व अतिथि होटल पर्यटन विभाग में पंजीकृत नहीं मिला। अन्य अनियमितताए भी मिलने पर टीम ने दोनों होटलों को सील कर दिया। वहीं शिकायत पर गाड़ी पड़ाव स्थित गौरव सेल्स पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकान का निरीक्षण किया तो दुकान में एक्सपायरी डेट का पापड़ बरामद हुआ। जिसका टीम ने सेंपल लिया। एसडीएम ने बताया कि टीम का अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार गहतोड़ी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह तथा प्रभारी टीएस सुनील खोलिया समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## कैंची धाम के होटलों व होमस्टे में छापेमारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में अवैध होटलों के चिह्निकरण के बाद अब पर्यटन विभाग ने जिले के अन्य क्षेत्रों में भी अभियान छेड़ दिया है। जिला पर्यटन अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने कैंची धाम के होटलों व होमस्टे में छापेमारी की। इस बीच टीम को भारी अनियमितताएं मिली। टीम ने 6 के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के साथ ही पांच को विभाग की ओर से नोटिस जारी कर मानकों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये।

मंगलवार को जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी के नेतृत्व में टीम ने कैंची धाम में अभियान चलाया। इस बीच कई होटल पर्यटन विभाग में पंजीकृत नहीं मिले तो अन्य नियमों का अनुपालन होता भी नहीं मिला। अतुल भंडारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान द 100 माईन रेस्टोरेंट एव गेस्ट हाउस, बाबा की रसोई, होटल अमर वैली, सैनिक रेस्टोरेंट एंड गेस्ट हाउस, त्रिलोचन पांडे होमस्टे, पहाड़ी किचन का बिना पंजीकरण संचालन होता पाया गया जिस पर सभी के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई वहीं न्यू दीप होमस्टे, होटल ग्रीन वैली इन, होटल महाराजा, होटल ग्रीन पार्क तथा केसरी रेस्टोरेंट में विभागीय नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर सभी को नोटिस जारी कर अनियमितताओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये गए।



**कार्रवाई**

- टीम ने 6 के विरुद्ध की चालानी कार्रवाई




## राजीव गांधी की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत रत्न से सम्मानित आधुनिक भारत के निर्माता, स्वर्गीय राजीव गांधी की शहादत दिवस पर भवाली कांग्रेस कार्यालय ने पीसीसी सदस्य खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं में राजीव गांधी जी को भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कियें। और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी जी को युवा दिलों की धड़कन और उगते सूरज की उपाधि दी। कांग्रेस नेत्री खष्टी बिष्ट ने कहा,राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे। और 18 वर्ष के युवाओं को वोट देने का अधिकार एवं पंचायत में महिला आरक्षण का अधिकार राजीव गांधी की ही देन है। राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री रहे भले ही आज वह हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी टेक्नोलॉजी हमारे बीच में है। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी अमर रहे किनारो के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष दयाल आर्या, ऊषा कन्नौजिया, हरेंद्र आर्य, जानकी आर्य, अफसर अली, धनी दुमका, पंकज, रमेश कुमार प्रदीप आदि कार्य कर्ता उपस्थित थे।

## नैनीताल में चिकित्सा सुविधाओं का अब भी अभाव: कोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट ने नैनीताल के एकमात्र जिला पुरुष चिकित्सालय राजकीय बीडी पांडे में कई स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने के खिलाफ पूर्व में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने माना है कि नैनीताल में चिकित्सा सुविधाओं का अब भी अभाव है। जिस पर कोर्ट ने आमजन और चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के लिए नगर के जागरूक नागरिकों, एनजीओं व अधिवक्ताओं से जुलाई माह तक अपने सुझाव देने को कहा है ताकि यहां पर एम्स जैसी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से पूछा था कि जिले में एम्स की तरह हॉस्पिटल खोला जा सकता है इस पर जवाब पेश करें। जिस पर केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि एम्स की एक ब्रांच ऋषिकेश में खुल चुकी है जिसकी सेटेलाइट ब्रांच रुद्रपुर में बन रही है। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नैनीताल में प्रदेश का एक उच्च न्यायलय भी है क्या उसको भी एम्स जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नही होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता के रिपोर्ट के आधार पर आदेश पारित कर हॉस्पिटल से अतिक्रमण हटाया गया उसके बाद भी सरकार ने स्वाथ्य सुविधाओं में कोई इजाफा नही किया। सुनवाई पर अधिवक्ता ने कोर्ट को अवगत कराया कि अभी भी हॉस्पिटल में कई सुविधाओं का अभाव है और मरीजों को इसके इलाज के लिए अन्य हॉस्पिटलों का चक्कर लगाने पड़ रहे है।मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार अशोक शाह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि जिले का मुख्य हॉस्पिटल होने के बावजूद हॉस्पिटल के कर्मचारियों के द्वारा छोटी सी जांच करने के लिए सीधे हल्द्वानी भेज दिया जाता है। इस हॉस्पिटल में जिले से इलाज कराने के लिए दूर दराज से मरीज आते हैं परंतु उनकी जांच करके हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से प्रार्थना की कि इस हॉस्पिटल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। ताकि नगर के दूरदराज से आने वाले लोगों को सही समय पर इलाज मिल सके।

## NEWS / फटाफट

### कूटा अपर सचिव से की शिष्टाचार भेंट



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने कूटा अपर सचिव उच्च शिक्षा उत्तराखंड आशीष श्रीवास्तव से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षकों को विभिन्न समस्या से अवगत करवाया तथा ज्ञापन दिया । कूटा ने ज्ञापन में कहा कि ऐसे प्रोफेसर जिन्हे 10 वर्ष प्रोफेसर के रूप में पूर्ण हो गए हैं को वेतन लेवल 15 यू जी सी नियमानुसार दिया जाना चाहिए, कुमाऊं विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा कर्मचारियों के आवास के निर्माण तथा मरम्मत के लिए 10करोड़ की ग्रांट दी जाए। उच्च शिक्षा उत्तराखंड में संविदा अतिथि शिक्षकों को यू जी सी नियमानुसार 50,000 तथा 57700 दिया जाना है अत: इन्हें 57700 प्रतिमाह दिया जाय तथा माननीय उच्च न्यायालय ने निर्णयानुसार 10 वर्ष संविदा/अतिथि शिक्षकों के रूप में कार्य कर चुके शिक्षकों को नियमतीकरण के लिए शासनदेश जारी किया जाय। कूटा शिष्टमंडल में अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ विजय कुमार ने मुलाकात की।

### सड़क पर पार्क वाहनों का किया चालान

**नैनीताल।** बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस की शिकायत कर बाद कोतवाली पुलिस की ओर से बीडी पांडे अस्पताल से स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊँ के कार्यालय तक सड़क में पार्क वाहन हटा दिए हैं। पुलिस की ओर से क्षेत्र में 25 वाहनों के चालान भी किये गए हैं। बता दें कि बीते लंबे समय से बीडी पांडे अस्पताल से स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊँ के कार्यालय तक टैक्सी वाहनों की लंबी कतार लग रही है। जिसके चलते कई बार मरीजों व डाक्टरों के वाहन नहीं निकल पाते । वहीं सड़क किनारे वाहन पार्क होने से स्थानीय लोग भी परेशान हैं। बीते सप्ताह बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए अस्पताल के समीप की सड़कों से पार्क वाहन हटवाने की मांग की थी। एसएसपी के निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस की ओर से मार्ग से वाहन हटाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। एसआई प्रियंका मौर्या ने बताया कि अस्पताल के समीप सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क वाहन हटाये गए हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

## मित्र पुलिस लगातार बुजुर्गों के पास जाकर जान रही उनका हाल



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी में तल्लीताल थाना अध्यक्ष रमेश बोरा के निर्देशन में पुलिस द्वारा रोज वर्क करने वाले सीनियर सिटीजन बुजुर्गों का हाल चाल जान उनकी कुशलता के बारे में जानकारी प्राप्त की है। बता दें मित्र पुलिस लगातार बुजुर्गों के पास जाकर उनका हाल जानती है और साथ ही बुजुर्गों को उनके अधिकारों के बारे मे भी चीता पुलिस के हेड कांस्टेबल शिवराज सिंह राणा द्वारा उनको कानूनी जानकारी दी गई ,ज्यादातर कामगार सीनियर सिटीजन द्वारा बताया गया की रोज कार्य करने के कारण उनका स्वास्थ ठीक रहता है अपने परिवार के साथ रहते हैं और खुश हैं,चीता मोबाइल हेड शिवराज सिंह राणा द्वारा सभी सीनियर सिटीजन बुजुर्गों को पुलिस सहायता के लिए अपने और महत्व पूर्ण सरकारी नंबर उपलब्ध कराए गए हैं।

## यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं का कर्णप्रयाग थाना पुलिस कर रही इस तरह स्वागत

**चमोली।** बदरीनाथ यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं का कर्णप्रयाग थाना पुलिस स्वागत कर रही है। कर्णप्रयाग पुलिस श्रद्धालुओं के लिए पथ प्रदर्शक बन रही है। तीर्थ यात्रियों को पुलिस कोतवाल देवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखंड में स्थित पंचबद्री और पंचकेदारों सहित अनेक मंदिर और मठों के बारे में जानकारी दी।

कर्णप्रयाग के पंचपुलिया में पुलिस टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है। कोतवाल देवेन्द्र सिंह रावत ने कहा अतिथि देवो भव की राह पर हम चलते हैं। मित्र पुलिस तीर्थयात्रियों की सेवा में सदैव तत्पर है। बदरीनाथ धाम की यात्रा शुरू हुए 10 दिन हो गए हैं। शुरू के पांच दिनों में जहां धाम में 50 हजार श्रद्धालु दर्शनों को पहुंचे, वहीं पिछले पांच दिनों में धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा एक लाख के पार पहुंच गया। धाम के कपाट 12 मई को खोले गए थे।

## क्रकेट प्रतियोगिता में कुमाऊं विवि की टीमों का अगले चक्र में प्रवेश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

एजी हाईकोर्ट आफिशियल क्लब नैनीताल के तत्वावधान में नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में खेली जा रही 12वीं ज्यूडीशियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता-2024 में मंगलवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम और कुमाऊं विवि की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के तहत प्रथम मुकाबला कुमाऊँ मंडल विकास निगम बनाम बोट एंड फ ोटोग्राफ र के बीच खेला गया,जिसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बोट और फ ोटोग्राफ र के खिलाडियों ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 152 रन बनाए। टीम के लिए यूसुफ ने सर्वाधिक 59 और शादाब 21 रनों का योगदान दिया। कुमाऊं मंडल विकास निगम की तरफ से चंदन ने दो जबकि ललित ने एक विकेट चटकाया। जवाब में कुमाऊं मंडल विकास निगम की टीम 17 ओवर में ही लक्ष्य अर्जित कर लिया। टीम के लिए निखिलेश ने सर्वाधिक 62 रनों की अर्चना की वहीं बोट और फोटोग्राफ र की तरफ से देवेंद्र ने दो विकेट लिए। मैच के निर्णयाक श्री परिहार व धीरज पांडे तथा स्कोरर हर्षित अधिकारी रहे। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला कुमाऊं यूनिवर्सिटी बनाम हाईकोर्ट बार के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए कुमाऊं विवि के खिलाडियों ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट गवाकर 181 रन बटोरे। कुमाऊं यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रदीप ने तीन और गब्बर ने दो विकेट चटकाए। मैच के मैन ऑफ द मैच गब्बर रहे जबकि निर्णायक जनक बिष्ट और अब्बास तथा स्कोरर मोहित बिष्ट रहे।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## विकृत मानसिकता

*जंगल में आग लगाकर रील्स बनाने वालों को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता है। जंगल में आग लगाने वाले कई बार खुद उसके शिकार हो जाते हैं। पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपने निकटवर्ती जंगल में आग लगाई और आग उनके घर तक पहुंच गई। जंगल में आग की अधिकतर घटनाओं के लिए मनुष्य खुद जिम्मेदार है। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जंगल जलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव का आदेश उचित है। जंगल की आग के लिए वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सबसे पहले जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।*

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग इस साल सबसे अधिक विकराल साबित हो रही है। आग से हुई क्षति का आंकलन करना आसान नहीं है। करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। किसी की जिंदा जलकर मृत्यु से हृदयविदारक शायद ही कोई घटना हो सकती है। आग पर काबू पाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किये गये प्रयास सफल नहीं हो सके। नेशनल डिजास्टर रेस्पोन्स फोर्स (एनडीआरएफ) और भारतीय वायु सेना आग को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने बताया कि रील्स बनाने के लिए आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बारे में पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। जंगल में आग लगाना गंभीर अपराध है। इससे भी ज्यादा गंभीर और अक्षम्य अपराध यह है कि रील्स बनाने के लिए आग लगाई जाये, यह कोई शौक अथवा आधुनिकता का परिचायक नहीं, बल्कि विकृत मानसिकता है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में सड़क के किनारे गहरी खाई और वहां भारी-भरकम पत्थर की चट्टान को तारबाड़ करके लिख दिया जाता है कि यह डेंजर साइट है और फोटो खींचना प्रतिबंधित है। जान की परवाह किये बिना लोग खतरनाक जगह पर वीडियो बनाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जंगल में आग लगाकर रील्स बनाने वालों को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता है। जंगल में आग लगाने वाले कई बार खुद उसके शिकार हो जाते हैं। पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपने निकटवर्ती जंगल में आग लगाई और आग उनके घर तक पहुंच गई। जंगल में आग की अधिकतर घटनाओं के लिए मनुष्य खुद जिम्मेदार है। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जंगल जलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव का आदेश उचित है। जंगल की आग के लिए वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सबसे पहले जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। वन विभाग द्वारा जंगल की रक्षा में लापरवाही बरतने के कारण अवैध रूप से पेड़ काटे जाते हैं। कई बार जानबूझकर आग लगाकर चोरी से काटे गये पेड़ों को अग्निकांड में खत्म होने का बहाना बनाया जाता है। जंगल के निकट रहने वाले ग्रामीणों की गतिविधियों की निगरानी के लिए वन विभाग के कर्मचारी तैनात हैं। वनरक्षक स्वयं भक्षक बन जाते हैं। मुख्य सचिव को प्राथमिक रूप से वन विभाग से जवाब तलब करना चाहिए। बरसात होने पर जंगल की आग बुझने पर क्षति का आंकलन वन विभाग सही तरीके से नहीं करता है। जंगह की भूमि पर अतिक्रमण के मामले में वन विभाग के अधिकारी ही जिम्मेदार हैं।

# वित्त व परीक्षा तथा शोध को लेकर बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



अपर सचिव उच्च शिक्षा डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक कर मान्यता समेत वित्त व परीक्षा तथा शोध आदि से सम्बंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत द्वारा की गई।

बैठक में उपस्थित विवि के अधिकारियों को संबोधित करते हुए अपर सचिव डा0 आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समय की मांग के अनुसार तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग जरूरी है। विश्वविद्यालय को अब ई-ऑफिस को अपनाते हुए अपने सभी अनुभागों को इससे जोड़ लेना चाहिए। ई-ऑफिस से जहाँ समय की बचत होगी वहीं कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने अनुसंधान, प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यों हेतु अपने स्तर पर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

बैठक का संचालन करते हुए विवि के कुल सचिव दिनेश चंद्रा द्वारा कुमाऊं विवि परिवार की ओर से उनका स्वागत किया गया साथ ही उन्होंने वर्तमान में विश्वविद्यालय में हो रहे अनुसंधान तथा नवाचार एवं विकास कार्यों के सन्दर्भ में विस्तार से बताया गया। उनकी ओर से आगामी कार्य योजना का भी प्रस्तुतिकरण दिया गया। इससे पूर्व अपर सचिव उच्च शिक्षा डा0 आशीष कुमार श्रीवास्तव के विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपर सचिव डा0 आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मल्टीपल डिसीप्लीनरी एजुकेशन और रिसर्च यूनिवर्सिटीज (मेरू) कैटेगरी में कुमाऊं विश्वविद्यालय के शामिल होने पर बधाई देते हुए कुलपति प्रो0 रावत द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति एवं विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

बैठक में वित्त नियंत्रक अनीता आर्या,मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र सिंह राणा समेत कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो0 जीत राम, डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 संजय पंत, उप कुलसचिव दुर्गेश डिमरी तथा डॉ0 संजीव आर्या, सहायक कुलसचिव डॉ0 बृजमोहन फ र्स्वाण व शमशेर सिंह व राकेश कुमार विश्वकर्मा के अलावा एल.डी. उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर रपटने से तीन युवक चोटिल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल बाजार क्षेत्र से घर की ओर जा रहे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक बुरी तरह चोटिल हो गए। किसी तरह राहगीरों ने मदद कर तीनों को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां दो को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफ र कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात सात नंबर निवासी भाष्कर अपने दो मित्र समीर नेगी व सौरभ सिंह को लेकर बाइक से घर की ओर जा रहा था। मल्लीताल गोलघर के समीप अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। गति अधिक होने के कारण तीनों बाइक समेत रपटकर दूर जा गिरे।

हादसा होता देख राहगीर व कुछ वाहन चालक भी एकत्रित हो गए। जिनकी मदद से तीनों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। डॉ देवाशीष ने बताया कि तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद समीर व सौरभ को गंभीर चोटे होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# विश्व जैव विविधता दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी मे विश्व जैव विविधता दिवस आज 22 मई को मनाया जाता है। जैव विविधता का अर्थ समस्त जीवों (पौधों एवं प्राणियों) की प्रजातियों में पाई जाने वाली विविधता है। जैव विविधता शब्द का प्रयोग सबसे पहले आर.फ.डेस्मैन ने 1968 में किया था, प्रोफेसर ललित तिवारी ने बताया जैव विविधता तीन प्रकार की है। आनुवंशिक,प्रजातीय एवं पारितंत्रिय जबकि जैव-विविधता के हॉट-स्पॉट की संकल्पना को ब्रिटेन के जीव-विज्ञानी नारमैन मेयरस ने 1988 में प्रस्तुत किया था। सागरीय हॉट-स्पॉट के संबंध में मूँगे की चट्टानों, मछलियों घोंघे आदि भी शामिल है।, जैव विविधता के हॉट-स्पॉट ऐसे स्थल हैं जो जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं।



2024 की जैव विविधता दिवस की थीम बी अ पार्ट ऑफ़ प्लान है जिससे जैव विविधता के नुकसान को कुनमिंग मांट्रियल ग्लिबल फ्रेम वर्क के अंतर्गत कम किया जा सके। 196 देशों द्वारा हस्ताक्षरित जैव विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 1992 में रियो डी जनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षर के लिए खोली गई एक बहुपक्षीय संधि का नाम यूएनसीबीडी है। यह सतत विकास के संबंध में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यू एन ई पी के अंतर्गत आता है। जैव विविधता के संरक्षण, इसके घटकों के सतत उपयोग और आनुवंशिक संसाधन शोषण से उत्पन्न लाभों के उचित और न्यायसंगत बटवारा है। यूएनईपी ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जिनमें 1987 मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, और 2012 मिनामाता कन्वेंशन, जहरीले पारा को सीमित करने के लिए एक संधि प्रमुख है। जैव विविधता सभी देशों की 5से 30 प्रतिसत जीडीपी के साथ 11प्रतिसत इकोनॉमी को निर्धारित करता है। 20प्रतिशत ही अभी तक जैव विविधता की कीमत ज्ञात हुई है।पूरे विश्व में इंसान प्रतिदिन 40 हजार प्रजातियो का प्रयोग करते है विश्व में 436000 पौधे ,भारत में 46610 पौधे प्रजातियां जभी विश्व में 843000 जंतु तथा भारत में 63820 जंतु प्रजातियां मिलती है। पूरे विश्व में 17 लाख प्रजाति जैव विविधता की अभी तक ज्ञात है। विश्व के 34 हॉट स्पॉट है। पांच वॉल्यूम रेड डाटा बुक के छै चुके है। उत्तराखंड में 11,प्रमुख पर्वत ,8 बड़ी नदिया ,65प्रतिशत वन है जिसमें 41 प्रतिसत जंगल ,13प्रतिशत अल्पाइन मेडो,11 प्रतिशत बर्फ है, 300 पेड़ों की प्रजाति ,24496 फॉरेस्ट कवर है। पिथौरागढ़ में सर्वाधिक प्रजाति तथा उत्तराखंड में 12 संरक्षित क्षेत्र है किंतु ग्लोबल वार्मिग, जलवायु परिवर्तन नए इससे भरी नुकसान पहुंचाया है जिससे गर्मी, बरसात के साथ जैव विविधता प्रभावित हुई है। जैव विविधता हमारे जीवन का आधार है। इनका संवर्धन और संरक्षण हमारी जिम्मदारी है इनके बिना हमारी श्रृष्टि अपूर्ण है।

# फिल्मी दुनिया

## 200 घोड़ों के साथ शूट होगा 'वेलकम टू द जंगल' का एक्शन सीक्वेंस



*आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर एक और अपडेट सामने आ रही है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस के लिए मुंबई और उसके बाहर से 200 घोड़ो को इकट्ठा किया जा रहा है।*

*'वेलकम' की फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' अपनी शूटिंग को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेता फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, अरशद वारसी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, रवीना टंडन और अन्य लोग शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की पहली शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। वहीं, एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के एक गाने को फिल्माने के लिए 500 बैकग्राउंड डांसर शामिल किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के लिए 200 घोड़े बुलाए गए हैं। कहा जा रहा है कि यह बहुत ही भव्य एक्शन सीक्वेंस होने वाला है। इस एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग मुंबई में ही होगी। इसके लिए सेट भी तैयार कर लिया गया है और मुंबई, महाबलेश्वर और लोनावाला से घोड़े मंगाए जा रहे हैं।*

### पहले शेड्यूल की शूटिंग हुई पूरी

*रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे पूरा होने में लगभग 40 दिन लग गए। पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने के बाद कास्ट और क्रू जल्दी ही दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता संजय दत्त ने 15 दिन की शूटिंग करने के बाद फिल्म छोड़ दी है। बताया जा रहा है कि स्क्रिप्ट और फिल्म के शेड्यूल के चलते अभिनेता ने ये कदम उठाया है। कहा जा रहा है कि अभिनेता फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उसके एक हिस्से की शूटिंग भी पूरी कर ली है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।*

# नैनीताल के समीपवर्ती जंगल में लगी भयानक आग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के समीपवर्ती आलूखेत क्षेत्र के जंगल में देर शाम आठ बजे किसी अराजक तत्व ने आग लगा दी। आग फैली तो जंगल में आग धधक गई। जंगल में आग को फैलता देख लोगों ने वन विभाग को सूचित कर दिया।

बता दें कि नैनीताल क्षेत्र में सोमवार शाम को बारिश के बाद वन विभाग ने चैन की राहत ली थी। लेकिन मंगलवार को देर शाम किसी अराजक तत्व ने नैनीताल के समीपवर्ती आलूखेत क्षेत्र के जंगल में आग लगा दी। चीड़ का जंगल होने के चलते आग तेजी से जंगल में फैल गई। जिसके चलते जंगल धधकने लगे। आग की लपटों ने छोटे बड़े पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं आग लगने की सूचना विभाग को मिलने के बाद बहुत देर तक विभागीय अधिकारी उनके वनक्षेत्र में आग नहीं होने की बात कहते रहे। जब नौ बजे आग तेजी से जंगल में फैली तो अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए कहा कि आग मनोरा रेंज के आलूखेत क्षेत्र में है।

वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलने के बाद टीम को सूचित कर दिया गया है।



News कॉर्नर

## श्री खाटू श्याम मंदिर का 32 वां स्थापना दिवस, भंडारा कल



**हल्द्वानी।** श्री खाटू श्याम मंदिर मुखानी का 32 वां स्थापना दिवस वार्षिक भंडारा कल 23 मई गुरुवार को मनाया जायेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाला वार्षिक भंडारा कल होगा। प्रात: पूजा अर्चना के बाद हवन होगा और प्रभु खाटू श्याम जी कि आरती के बाद भोग लगेगा। प्रभु को भोग लगाने के बाद भंडारा दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगा और हजारों भक्त प्रभु का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## श्री शनिदेव जन्मोत्सव पर आठ जून को विशाल भंडारा

हल्द्वानी। श्री शनिदेव जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आठ जून को रानीबाग चित्रशिला धाम स्थित मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री शनि देव महाराज एवं नवग्रह मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जन्मोत्सव के मौके पर रसगुल्लों का महाभोग लगेगा। जन्मोत्सव पर आठ जून को सुबह पांच बजे श्रृंगार पूजन, छह बजे हवन व पूर्णाहुति, पूर्वाह्न 11 बजे भोग व भंडारा तथा सायं पांच बजे सुंदरकांड तथा सात बजे महाआरती होगी।

# बनभूलपुरा हिंसा के असली गुनाहगार कौन ? शीर्षक से अपनी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट जारी की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कौमी एकता मंच के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को नैनीताल में पत्रकार वार्ता कर कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के असली गुनाहगार कौन ? शीर्षक से अपनी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट जारी की। वार्ता में कौमी एकता मंच के गठन के बारे में बताया गया कि 8 फ रवरी को हल्द्वानी शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा की अप्रिय घटना के बाद विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने 25 फ रवरी 2024 को मंच का गठन किया। हिंसा के कारणों को जानने के लिए फैक्ट फ इंडिंग, मेहनतकश पीडितों को राशन,मेडिकल सहायता तथा सम्भव




कानूनी सहायता करने का लक्ष्य रखा। फैक्ट फ इंडिंग रिपोर्ट में मंच के सदस्यों ने कहा कि 28 फरवरी से 5 मार्च के बीच बनभूलपुरा हिंसा पर क्षेत्र का सघन दौरा और विभिन्न अखबारों की रिपोर्टों के हवाले से अपनी रिपोर्ट तैयार की है। फैक्ट फ इंडिंग में पाया गया कि प्रशासनिक स्तर पर गंभीर लापरवाही और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित मुस्लिम अल्पसंख्यक विरोधी माहौल के चलते हो रही घटनाओं की कड़ी में बनभूलपुरा हिंसा की घटना हुई।

कहा कि यहां सरकार की दुर्भावना और प्रशासन की लापरवाही को ठीकरा बनभूलपुरा की जनता पर फैकने का काम किया जा रहा है। इस घटना को पूर्व के अदालती आदेशों को नजरअंदाज करने, कानूनों की अवमानना, खुफिया विभाग की सलाहों को नजरअंदाज करने आदि प्रशासनिक गलतियों या उकसाने की कार्यवाही के तौर पर ही परिभाषित किया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता में मंच के सदस्यों ने इस तथ्य पर जोर दिया कि पुलिस के सिपाहियों, महिला पुलिस कर्मियों को चोटें आदि के बारे में बातें की गई लेकिन बनभूलपुरा के 7 आम मजदूर मेहनतकश मारे गए इसको भुला दिया जाता है। इससे भी बुरा यह हुआ कि कर्फ्यू के दौरान बनभूलपुरा के इलाके में पुलिस की बर्बरता की कई दर्दनाक घटनाएं हुई। रिपोर्ट में मांग की गयी कि हिंसा की घटना की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की जाए,पुलिस गोलीबारी के घायलों को 5 लाख व मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए तथा कर्फ्यू के दौरान घरों में की गयी तोड़ फोड़ के नुकसान की भरपाई की जाए।पत्रकार वार्ता को कौमी एकता मंच की संयोजिका रजनी जोशी समेत प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, उत्तराखंड महिला मंच की डा. बसंती पाठक ,डा. उमा भट्ट, भाकपा(माले) से के.के.बोरा, इंकलाबी मजदूर केंद्र से रोहित, परिवर्तनकामी छात्र संगठन के चंदन, नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन साह, महिला किसान अधिकार मंच की हीरा जंगपांगी ने सम्बोधित किया। इसके अलावा दिनेश उपाध्याय उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, सावित्री सनवाल,डा. शीला रजवार व प्रियांशु ने भी पत्रकार वार्ता में भागीदारी की।

# मामूली बारिश में पॉश इलाके की सड़क नहीं रही चलने लायक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बुधवार की सुबह हुई बारिश से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई वहीं कुछ इलाकों में इससे मुसीबत भी खड़ी हुई।

नगर निगम के वार्ड-52 जज फार्म क्षेत्र में मात्र 10 मिनट की बारिश में सड़क पानी से भर गई। आलम यह रहा कि सड़क पैदल चलने लायक नहीं रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक पूर्व में इस सड़क की दशा सुधारने की मांग अफसरों के साथ ही जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाई गई लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। लोगों का कहना है कि जब मामूली बारिश में सड़क का यह हाल है तो बरसात में इसकी क्या दशा होगी यह अनुमान लगाया जा सकता है।



हल्द्वानी के वार्ड-52 में हल्की बारिश में सड़क का चलने लायक नहीं रही।

# डेढ़ वर्षीय बच्ची को घर से उठा कर ले जाने वाला आरोपी धरा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- **मामला कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र का, पुलिस भेज रही आरोपी को जेल**

कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी में लोगों ने घर से डेढ़ वर्षीय बच्ची को उठा कर ले जाने वाले को फेरी लगाने को पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी में फेरी लगाने वाला घूम रहा। इसी दौरान लोगों ने फेरी लगाने वाले को घर से डेढ़ वर्षीय बच्ची को उठा कर ले जाते पकड़ लिया। लोगों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसी बीच किसी सूचना पुलिस को दी। इस पर कोतवाल धीरेन्द्र कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ के कब्जे से आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसे कोतवाली ले कर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बच्ची को घर से उठा कर ले



जाने की कोशिश के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी फाजलपुर महरौला क्षेत्र का निवासी है। उन्होंने बताया कि इस घटना का खुलासा सीओ सिटी करेंगी। उधर दिन दहाड़े बच्ची को घर से उठा कर ले जाने की कोशिश के मामले को लेकर लोगों में रोष है। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने की विस्तृत कार्ययोजना डीपीआर की तैयारी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड शहरी निकाय विकास अभिकरण (यूयूएसडीए) द्वारा यूरोपीय इनवेस्टमेंट बैंक से वित्त पोषित रूद्रपुर, काशीपुर व सितारगंज के नगर निकायों की वर्ष 2057 की जनसंख्या को आधार मानते हुए पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना डीपीआर बनाई जा रही है। जिसका प्रस्तुतिकरण मंगलवार को डीएम उदयराज सिंह की अध्यक्षता में जिला सभागार में परियोजना प्रबंधक यूयूएसडीए के द्वारा किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अन्तर्गत पेयजल हेतु नगर निकाय का कोई क्षेत्र पेयजल सप्लाई से कतई छूटना नहीं चाहिए, इसलिए संबंधित नगर निकायों व जल संस्थान से पेयजल संयोजनों व वर्तमान पेयजल सप्लाई की स्थिति का डाटा लेकर समाहित किया जाए ताकि योजना में डुप्लीकेसी न हो, न ही कोई क्षेत्र पेयजल से छूटने पाए। उन्होंने कहा कि संबंधित निकायों, जल संस्थान व अन्य विभागों से जो भी एनओसी चाहिए उसे तत्काल लिया जाये, इस हेतु एसडीएम, एमएनए, ईओ, जल संस्थान के साथ समन्वय बैठक की जाए, ताकि सभी से शीघ्र एनओसी प्राप्त की जा सके। नगर निगम रूद्रपुर में 29 नए नलकूप व 11 ओवर हैड टैंकों के साथ ही 542 किमी. पेयजल वितरण प्रणाली हेतु पाइपलाईन बिछाई जाएगी, जिसकी डीपीआर दो फेज में बनाई गई है प्रथम फेज डीपीआर 289.93 करोड़ व द्वितीय फेज की डीपीआर 238.13 करोड़ प्रस्तावित है, योजना में 33116 पेयजल संयोजन देने का लक्ष्य है। इसीप्रकार काशीपुर नगर की पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने हेतु 27 नए नलकूप व 10 नए ओवर हैड टैंक व 458 किमी. पेयजल लाइन नेटवर्क प्रस्तावित है जिसमें प्रथम फेज में 287 करोड़ व द्वितीय फेज में 194.88 करोड़ की डीपीआर प्रस्तावित की गयी है। जबकि नगर निकाय सितारगंज की पेयजल योजना को और सुदृढ़ करने हेतु 9 नए नलकूप व 4 ओवर हैड टैंक के साथ ही 135 किमी. पेयजल वितरण प्रणाली की 119.88 करोड़ की डीपीआर प्रस्तावित की गयी है। कहा कि सीएम का लक्ष्य प्रदेश के निकायों में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए सभी को सुचारू, निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना है, इसलिए कार्यदायी संस्था त्रुटिरहित डाटाबेस तैयार करते हुए योजना बनाएं, ताकि वर्ष 2057 तक सभी को सुचारू पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, नगर आयुक्त शिप्रा पांडे, उपायुक्त नगर निगम काशीपुर रोहिताश शर्मा, परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे

## पंतनगर क्षेत्र में युवक पंखे के कुंडे में लटका मिला

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक यहां भाई के साथ किराए पर रहता था। पुलिस के मुताबिक थाना पंतनगर क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय करन अपने भाई के साथ नगला बाई पास रोड में किराए पर रहता था। मृतक मजदूरी करता था। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार की शाम की है। पुलिस ने बताया कि मृतक बरेली क्षेत्र का निवासी था।

# सुधा राणा का असिस्टेंट प्रोफेसर गैजेटेड ऑफिसर पद पर चयन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के गणित विभाग की सुधा राणा का असिस्टेंट प्रोफेसर गणित में में क्लास वन गैजेटेड ऑफिसर पद पर चयन हुआ है ।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में सुधा का चयन हुआ है। बता दे सुधा ने पीएचडी डॉक्टर अनिता कुमारी गणित विभाग डीएसबी परिसर के निर्देशन में फजी एनालिसिस में कर रही है ।बीएससी



तथा एमएससी एचएनबी कॉलेज खटीमा से पास किया। खटीमा निवासी हरवंश राणा तथा माया देवी की पुत्री डॉक्टर सुधा ने 2020 में सीएसआईआर नेट की परीक्षा पास की। उनकी सफलता पर प्रो नीता बोरा शर्मा , डीएसडब्ल्यू प्रो संजय पंत ,निदेशक प्रो ललित तिवारी , प्रो हरीश बिष्ट ,कूटा सचिव डॉक्टर विजय कुमार ,प्रो नीलू लोधियाल , डॉक्टर दीपक कुमार ,डॉक्टर संतोष कुमार डॉक्टर दीपिका गोस्वामी ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी , प्रो अनिल बिष्ट डॉक्टर उमंग ,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर सीमा चौहान ,डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र धर्म ,डॉक्टर रितेश साह ,डॉक्टर युगल जोशी ने बधाई एवं मुबारकबाद दी है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी हमारे समाज के निर्माण में शिक्षक की एक अहम भूमिका होती है, क्योंकि ये शिक्षक ही है जो अपने विद्यार्थियों को समाज में एक अच्छा नागरिक बनाने के साथ उनका सर्वोत्तम विकास भी करता है। उसी शिक्षक को जब कोई अवार्ड या सम्मान मिले तो उनके कार्य करने की क्षमता में कई गुणा इजाफा हो जाता है। इसके साथ ही उसमें और बेहतर करने की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अकादमिक



सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं द्वारा शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित एवं पुरुस्कृत शिक्षकों को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो0 दीवान एस0 रावत द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो दीवान एस रावत ने कहा कि प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। कुलपति प्रो रावत द्वारा अकादमिक सत्र 2022-23 हेतु प्रो लज्जा भट्ट, डॉ मनोज कुमार आर्या, प्रो अतुल जोशी, डॉ ऋचा गिन्वाल को एवं अकादमिक सत्र 2023-24 हेतु प्रो संतोष कुमार, प्रो ललित मोहन तिवारी, प्रो अर्चना नेगी साह, प्रो एन जी साहू, प्रो गीता तिवारी, प्रो एमणसी जोशी एवं डॉ महेंद्र राणा को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक आईक्यूएसी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, वित्त नियंत्रक अनीता आर्या एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।